पुलिस उपायुक्त कार्यालय काशी-जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 29.03.2024

विषय-थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त रंजीत चौहान को 1.220किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम मुखबिर की सूचना दिनांक 28/03/2024 को देखभाल क्षेत्र में रामनगर चौक चौराहे के पास मौजूद थी कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति साहित्यनाका मोड़ की तरफ पैदल कुछ संदिग्ध वस्तु लेकर आ रहा है । मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास कर पुलिस बल के सहयोग से मौके पर पकड़ लिया गया नाम पता पूछने पर अपना नाम रंजीत चौहान पुत्र होरी लाल चौहान निवासी 2/384 मच्छरहट्टा थाना रामनगर कमि0 वाराणसी बताया जिसके पास से 1.220 किग्रा गांजा बरामद किया गया ।। अभियुक्त रंजीत चौहान को कारण गिरफ्तारी बताकर पुलिस में लिया गया तथा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0044/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक 28.03.2024 को साहित्यनाका मोड़ के पास थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण - रंजीत चौहान पुत्र होरी लाल चौहान निवासी 2/384 मच्छरहट्टा थाना रामनगर कमि0 वाराणसी उम्र लगभग 24 वर्ष ।

पूछताछ विवरण:- अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मै गांजा अपने जीविकोपार्जन के लिए बेचता था और उसी काम से गांजा लेकर जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण - अभियुक्त के कब्जे से 1.220 किलोग्राम गांजा।

आपराधिक इतिहास का विवरण - मु0अ0सं0-0044/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्र चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. हे0का0 उमाकांत चौबे थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 सुनील चौधरी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 रविशंकर थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
काशी-जोन कमि0 वाराणसी